एक नजर में

तंवर समाज की बैठक 28 को, नशा मुक्ति अभियान का होगा शुभारंभ

राजगढ़ 23 मई, का. तंवर समाज जागरूकता सेवा समिति एवं सतगुरु कबीर आश्रम सेवा समिति ग्राम मगनियाखेड़ी के तत्वावधान में 28 मई गुरुवार को सामाजिक बैठक का आयोजन किया जाएगा. बैठक में समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाने और युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की जाएगी. कार्यक्रम सुबह 11 बजे ध्वज पूजन के साथ प्रारंभ होगा. इसके बाद सामाजिक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, सामाजिक कुरीतियों पर रोक तथा समाज के संगठन को मजबूत बनाने जैसे विषयों पर चर्चा होगी. दोपहर में भोजन प्रसादी एवं रात्रि में भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया है. समिति पदाधिकारियों ने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है.

दुर्गा वाहिनी का 7 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

नरसिंहगढ़ 23 मई, सं. विश्व हिंदू परिषद की महिला इकाई दुर्गा वाहिनी का वार्षिक सात दिवसीय वर्ग भोपाल में शुरू हुआ. इसमें नरसिंहगढ़ प्रखंड से 25 सदस्य शामिल हुई. शनिवार को रवाना होने से पहले मारुति नंदन मंदिर पर विहिप-बजरंग दल के पदाधिकारी ने पूजा अर्चना कर वैदिक मंत्र उच्चारण पुष्प वर्षा कर सभी बहनों का स्वागत किया. प्रखंड मंत्री उदय मीणा ने बताया कि यह प्रशिक्षण राष्ट्र सेवा, सुरक्षा, धार्मिक संस्कार अनुशासित जीवन के उद्देश्य आयोजित किया गया है. सैकड़ो बहाने इसमें भाग ले रही है. प्रशिक्षण के बाद में यही बहाने अपने-अपने क्षेत्र में धर्म और राष्ट्रहित के कार्य में योगदान देगी. उन्होंने कहा कि लव जिहाद जैसी घटनाओं पर इससे अंकुश लगेगा. साथ ही संगठन ने समाज से भी अपील की हर बेटी को शिक्षित करें साथ ही उन्हें राष्ट्र धर्म और संस्कृति ज्ञान हो जिससे एक आदर्श समाज और उन्नत राष्ट्र का निर्माण हो सके उन्होंने कहा है कि आज देश की बेटी किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं है लेकिन इसी के साथ-साथ लव जिहाद जैसे आक्रमण भी तेजी से बढ़ रहे हैं ऐसे में बेटियों को जागरूक और समक्ष बनाना जरूरी है. इस अवसर पर प्रांत सह प्रचार प्रसार प्रमुख कपिल शर्मा प्रखंड अध्यक्ष शिरिष उपाध्याय जिला सुरक्षा प्रमुख मोहन जायसवाल प्रखंड प्रचार प्रसार प्रमुख सुनील यादव प्रखंड धर्म यात्रा प्रमुख प्रकाश शाक्यवाल सहित बजरंग दल के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लखन सिंह पिता श्री भंवरलाल जी आयु 44 वर्ष निवासी ग्राम करनवास तहसील खुजनेर जिला राजगढ़ (मप्र) मेरा आर्मी नंबर 14440276 ॥-Rank- EX Nk है मेरे पुत्र का नाम दिव्यांश (Divyansh)सर्विस रिकॉर्ड में त्रुटि वंश गलत दर्ज हो गया था जबकि मेरे पुत्र का सही नाम दिव्यांश यादव (Divyansh yadav) है जो की जन्म प्रमाण पत्र आधार कार्ड मार्कशीट एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में दर्ज है.

भवदीय लखन सिंह ग्राम-पोस्ट-करनवास तहसील खुजनेर जिला राजगढ़ (मध्य प्रदेश) मोबाइल नंबर 9630 212078

100% हाउस लिस्टिंग पूरी, किराएदारों पर खींचतान

डिजिटल जनगणना : किराएदारों पर खींचतान में उलझी नगरीय निकायें, आंकड़ा सुधारने अब कैम्प लगाने के निर्देश

समय से पहले हाउस लिस्टिंग पूरी होने के बाद अपने 40 % काम की होगी रेण्डम चैकिंग

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 23 मई, का. देश की पहली डिजिटल जनगणना के पहले चरण में हाउस लिस्टिंग यानी मकान सूचीकरण का काम पूर्ण हो चुका है. तय समय सीमा से 10 दिन पहले जिले में 102 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है. इस काम को पूर्ण करने की अंतिम समय सीमा 30 मई भारत सरकार द्वारा निर्धारित की गई है. 20 मई तक जिले में हाउस लिस्टिंग का काम पूरा हो चुका है लेकिन बावजूद इसके प्रशासन बचे हुए 10 दिनो में क्वालिटी डेटा पर फोकस करते हुए अपने 40 प्रतिशत काम को रिचैक करने जा रहा है.

यह रैण्डम चैकिंग क्वालिटी डेटा के लिए की जा रही है. समय से पहले अपने काम को पूरा करने के साथ प्रशासन की कोशिश है कि क्वालिटी डेट सरकार तक भेजा जाए जिसे योजनाओं और बजट को सटीकता से मूर्त रूप मिल सके. उल्लेखनीय है कि जिले में 1 अप्रैल से जनगणना का कार्य प्रारंभ किया गया था. जिसमें 23 अप्रैल तक अमले को मैदानी स्तर पर प्रशिक्षण देते हुए काम की शुरूआत की गई थी. यह कार्य समय रहते पूर्ण किया गया है.

नगरीय निकायों का गणित बिगड़ा, ब्यावरा में कैम्प लगाकर सुधारेंगे आंकड़े

सर्वे में यह भी सामने आया है कि शहरी ईलाकों क्षेत्रफल के मान से तेजी से बढ़ रहा है. लेकिन उसमें नगरीय निकाय में दर्ज लोगों की संख्या में अपेक्षानुरूप ईजाफा नहीं हो रहा है. प्रगणक अब दोबारा लोगों को जाकर समझाईश देंगे कि वे जहां रहते हैं वहीं अपनी जनगणना दर्ज कराएं. यदि वे नगरीय क्षेत्र में रह रहे हैं तो उन्हें उसी में अपनी स्वगणना करनी चाहिए. क्योंकि वे वहां के संसाधनों का उपभोग करते हैं और वहां कि अन्य व्यवस्थाओं में शामिल भी है. तकनीकि और व्यवहारिक रूप से यह तर्क काफी हद तक सही भी ठहराया जा रहा है. लेकिन लोगों का मानना है कि वे जहां के रहने वाले है अपनी गणना वहीं दर्शाना पसंद करेंगे.

इधर नगरीय निकायों में डिजिटल जनगणना के दौरान अपेक्षित प्रगति और शहर में जनसंख्या के बढ़ौतरी अनुमान से कम रहने पर चिंता व्याप्त हो रही है. सबसे ज्यादा परेशानियां बाहर से आकर किराए से रहने वालों और शहर के समीप ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाली कॉलानियों में रहने वालों के कारण सामने आ रही है. ब्यावरा नगर पालिका में नगरीय क्षेत्र में जनगणना से वंचित लोगों के लिए कैम्प लगाया जा रहा है. मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद द्वारा जारी सूचना के मुताबिक प्रगणकों को कैम्प लगाने के निर्देश दिए है. सीएमओ द्वारा जारी निर्देश में बाहर से आकर किराए से रह रहे लोगों को जनगणना के वास्तविक महत्व को समझाया जाए और फिर भी जो किराएदार छूट गए है उनके लिए कैम्प लगाकर उनकी जनगणना पूर्ण कराई जाए. इसके पीछे कारण यह भी है कि नगरीय क्षेत्र में रहने वाले कई लोग पिछले वर्षों में शहर के बाहर ग्रामीण ईलाकों में लगने वाली कॉलानियों में बस चुके है. वहीं बाहर से आकर किराए से रहने वाले लोग अपनी गणना अपने मूल निवासी जहां के वे रहने वाले हैं वहीं कराना चाहते है. ऐसे में तकनीकि रूप से सटीक डाटा सामने नहीं आ पाएगा और इसका सीधा असर नगरों के विकास की योजना और बजट पर होगा.

40 प्रतिशत काम को प्रगणक रि-चैक करेंगे

जिले में समय से पहले शत प्रतिशत काम पूरा करने के बावजूद अपने ही 40 प्रशित काम की रैण्डम चैकिंग के लिए प्रगणकों को उतारा गया है. जिले में जनगणना के तहत मकान सूचीकरण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. इस कार्य के लिए 23 चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की है. जिनमें 9 ग्रामीण (तहसील स्तर) और 14 नगरीय स्तर के अधिकारी शामिल हैं. ग्रामीण क्षेत्र के 1723 ग्रामों में 2564 जनगणना ब्लॉक बनाए गए हैं, जबकि नगरीय क्षेत्र के 219 वार्डों में 479 ब्लॉक तैयार किए गए हैं. इस कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 2150 प्रगणक एवं 345 सुपरवाइजर तथा नगरीय क्षेत्र में 526 प्रगणक एवं 103 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं. सभी प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को 1 अप्रैल से 23 अप्रैल के बीच तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है. वहीं 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-गणना का कार्य किया गया है, जिसमें परिवार के मुखिया स्वयं या प्रगणक/अन्य लोकसेवक की सहायता से जानकारी दर्ज की गई हैं. 1 मई तक स्थिति के अनुसार जिले में 43,120 परिवारों द्वारा स्व-गणना पूर्ण की जा चुकी है, जिसके आधार पर जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर है. इस दौरान घर की बनावट (छत, दीवार, फर्श), मकान नंबर, परिवार के सदस्यों की संख्या, और सुविधाओं (पानी, बिजली, शौचालय, वाहन) से जुड़े 33 सवाल पूछे गए है.

क्वालिटी डेटा से योजनाओं में मिलेगी मदद

हमने समय से पूर्व ही डिजिटल जनगणना कार्य में 102 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति कर ली है. फिर भी हम रैण्डम चैकिंग कर रहे है. क्योंकि हमारे पास अभी समय शेष है. 30 मई तक फायनल डाटा सबमिट करना है. कुछ तकनीकि खामियां सामने आई जिन्हें हम सही कर रहे है. इसका उद्देश्य सिर्फ क्वालिटी डाटा सरकार तक भेजना है. सटीक आंकड़े और सांख्यिकी होगी तो भविष्य की योजनाएं भी उतनी ही अच्छी और जन उपयोगी बनेंगी.

ज्योति राजोरे, डिप्टी कलेक्टर एवं जिला जनगणना प्रभारी राजगढ़

गंगा दशहरा पर जिले में होंगे स्वच्छता कार्यक्रम

राजगढ़ 23 मई, का. जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर 25 मई को जिलेभर में व्यापक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भोपाल के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में श्रमदान, साफ-सफाई, जल स्त्रोतों का संरक्षण, दीपदान एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी. जिले की समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. जिले में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग श्री नारायण सिंह पंवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रमों का आयोजन गरिमामय एवं प्रभावी रूप से संपन्न कराएं, ताकि जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति आमजन की सहभागिता सुनिश्चित हो सके.

पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव, भाई ने कहा हत्या हुई

भोजपुर थाने के लखौनी गांव का मामला

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 23 मई, सं. भोजपुर थाने के ग्राम लखौनी में एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला है. मामले में परिवारजनों ने आरोप लगाए है. घटना शनिवार सुबह की है. युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला जिसकी पहचान लाल सिंह तंवर के रूप में हुई. मृतक के परिवार का आरोप है कि लाल सिंह ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि विवाद के बाद उसकी हत्या कर शव को पेड़ पर लटका दिया गया.

परिजनों के मुताबिक लाल सिंह शुक्रवार रात से घर से लापता था. परिवार और रिश्तेदार पूरी रात गांव और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला. शनिवार सुबह गांव के बाहर सड़क किनारे एक पेड़ पर गमछे के फंदे से उसका शव लटका दिखाई दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

पत्नी को लेकर हुआ था विवाद- मृतक के छोटे भाई राकेश तंवर ने बताया कि लाल सिंह का गांव के ही एक रिश्तेदार से लंबे समय से विवाद चल रहा था और दोनों के बीच बोलचाल बंद थी. शुक्रवार को लाल सिंह की पत्नी मधुबाई अपनी बेटी को लेकर उसी रिश्तेदार के घर चली गई थी. जब लाल सिंह को यह बात पता चली तो उसने नाराजगी जताई और पत्नी से कहा कि वह उसकी बेटी को उसके दुश्मन के घर क्यों लेकर गई. राकेश के मुताबिक लाल सिंह ने पत्नी को थप्पड़ मार दिए. इसके बाद मधुबाई ने अपने मामा केशव और रायसिंह को घटना की जानकारी दी.

आरोप है कि सूचना मिलने के बाद केशव और रायसिंह लखोनी गांव पहुंचे. जब मधुबाई उनके साथ जाने लगी तो लाल सिंह ने उसे रोकने की कोशिश की. इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई और विवाद बढ़ गया.

भाई बोला- हत्या कर शव टांगा गया- राकेश का कहना है कि उसका भाई आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठा सकता था. परिवार को आशंका है कि लाल सिंह की हत्या की गई और बाद में शव को पेड़ पर लटका दिया गया ताकि मामला आत्महत्या का लगे. लाल सिंह की मां गंगाबाई के तीन बेटे और दो बेटियां हैं. करीब 15 साल पहले उनके पति का निधन हो चुका है. लाल सिंह परिवार में तीसरे नंबर का बेटा था. भोजपुर पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

दो दिन बंद रहेगी कृषि उपज मंडी

ब्यावरा 23 मई, का. स्थानीय कृषि उपज मंडी समिति द्वारा क्षेत्र के समस्त किसान भाइयों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है. मंडी सचिव के अनुसार, लगातार दो दिनों तक मंडी में अवकाश रहेगा. जिसके चलते व्यापारिक कार्य पूरी तरह स्थगित रहेगा. मंडी प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज 24 मई माह का चौथा रविवार होने के कारण मंडी का नियमित अवकाश रहेगा. कल 25 मई सोमवार साप्ताहिक अवकाश होने के चलते मंडी में किसी भी प्रकार का कृषि कार्य या नीलाम नहीं होगा. कृषि उपज मंडी समिति ब्यावरा के सचिव ने समस्त क्षेत्रीय किसानों से अपील की है कि वे रविवार सोमवार को अपनी किसी भी प्रकार की कृषि उपज लेकर मंडी प्रांगण में न आएं. दो दिवसीय अवकाश के कारण किसानों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है. मंडी में आगामी मंगलवार से कार्य सुचारू रूप से पुन: प्रारंभ होगा, जिसके बाद ही किसान अपनी फसलें विक्रय के लिए ला सकेंगे.

पारा लगातार 43 के पार, पानी को तरसे पशुधन

नवभारत न्यूज

संडावता 23 मई, सं. संडावता सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों सूर्यदेव के तीखे तेवरों से पारा आसमान छू रहा है. लगातार बढ़ती जा रही भीषण गर्मी और झुलसाने वाली तेज धूप ने न केवल आम जनजीवन, बल्कि बेजुबान मवेशियों और पशु-पक्षियों का जीना भी मुहाल कर दिया है.

दोपहर के समय सड़कें पूरी तरह सूनी नजर आ रही हैं और लोग बहुत जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं. इस चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं (लू) के कारण सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और दिहाड़ी मजदूरों को उठानी पड़ रही है.

ठंडक और पानी के लिए भटक रहे बेजुबान

गर्मी का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि बेजुबान मवेशी और पक्षी छांव और पानी की तलाश में दर-दर भटकते नजर आ रहे हैं. क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने प्रशासन और समाजसेवियों से अपील की है कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर मवेशियों के लिए पानी (चरही) और छांव की पुख्ता व्यवस्था की जाएं.

अधिकारियों ने टेस्टिंग के पानी से भरे जलाशय

आपके माध्यम से जानकारी मिली है कि क्षेत्र में पशु-पक्षियों और जानवरों के लिए पानी का भारी संकट है. सिंचाई परियोजना के तहत एक-दो दिनों के भीतर लाइन टेस्टिंग (पाइपलाइन जांच) का काम शुरू किया जा रहा है. टेस्टिंग के बहाने जलाशय से दो-चार दिनों के लिए पानी छोड़ा जाएगा, जिससे क्षेत्र के जलस्त्रोतों में पानी पहुंच जाएगा और पशु-पक्षियों व मवेशियों के लिए पानी की पर्याप्त उपलब्धता हो जाएगी.

केसी सिसोदिया, एसडीओ, सिंचाई परियोजना राजगढ़

किसानों ने मंत्री से कहा, कब पानी को तरसेंगे, आप ही हल निकालें

रामपुरिया खेड़ा ग्रामीणों ने राज्य मंत्री गौतम टेंटवाल को बताई समस्याएं, समाधान का मिला आश्वासन

नवभारत न्यूज

पड़ाना 23 मई, सं. समीप ग्राम रामपुरिया खेड़ा के ग्रामीणों का एक दल शुक्रवार को सारंगपुर विधानसभा सेवा सदन कार्यालय पहुंचा. ग्रामीणों ने स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री गौतम टेंटवाल से मुलाकात कर गांव की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया. इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि महेश जाट, मोहनलाल चोपड़ा, नानूराम पाटोदिया, पूर्व सरपंच मोहनलाल, दिनेश जाट, अनोखी लाल जाट, ओमप्रकाश जाट, भेरू सिंह दरबार, पहलाद सिंह, आशीष शर्मा, सोनू जाट, सियाराम जाट, सूरज जाट सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे.

कुंडलिया डैम परियोजना में लापरवाही-ग्रामीणों ने बताया कि परियोजना के तहत गांव में कोई काम नहीं हुआ. कॉलोनी में सिर्फ नल कनेक्शन देकर छोड़ दिए गए हैं. अभी तक एक बूंद पानी भी नहीं मिला है पानी की टंकी सिर्फ शोपीस बनकर खड़ी है.

पानी के लिए अब भी इधर-उधर भटकना पड़ता है. पड़ाना से रामपुरिया खेड़ा तक का सड़क मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है. ग्रामीणों ने नवीन सड़क निर्माण व पैच वर्क की मांग की. गांव में बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती और अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर भी मंत्री को आवेदन सौंपा गया. राज्य मंत्री गौतम टेंटवाल ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद ग्रामीणों को जल्द निराकरण का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों से बात कर प्राथमिकता से काम शुरू कराए जाएंगे.

संगठन भाजपा का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग नरसिंहगढ़ में प्रारम्भ

भाजपा में प्रशिक्षण व्यक्तित्व को ढालने की सतत् प्रक्रिया है

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 23 मई, सं. भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत शनिवार को सोनाकुंज होटल में हुई. प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा की संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक प्रतिबद्धता और कार्यकर्ता आधारित संरचना पर विस्तार से चर्चा की गई.

महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर वर्ग गीत, वन्देमातरम के साथ शुरू हुए कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न सत्रों में पार्टी की रीति नीति, संगठन विस्तार और सरकार की विकासवादी नीतियों की जानकारी दी वही भविष्य में कार्यकर्ताओ को आगामी चुनोतियो से निपटने तैयार रहने का आव्हान किया. उद्घाटन सत्र में संघटन मंत्री अजय जामवाल ने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है, जो इसे अन्य राजनीतिक दलों से अलग करती है. उन्होंने संगठन की विचारधारा और पार्टी के अनुरूप आचरण रख समाज सुधार की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही. अन्य वक्ताओं ने भी अपने वक्तव्य में बताया कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की एक सशक्त विचारधारा है. प्रशिक्षण कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, मंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, भोपाल विधायक भगवानदास सबनानी, बैरसिया विधायक विष्णु खत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीश अग्रवाल, निगम अध्यक्ष रवि मालवीय, प्रभारी ध्रुवनारायण सिंह, विधायक मोहन शर्मा, हजारीलाल दांगी, अमरसिंह यादव सहित प्रदेश और जिले के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया.

विकास कार्यो की लगी प्रदर्शनी-

इस अवसर पर भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश एवं जिले में कराए गए विकास कार्यों की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जो प्रशिक्षणार्थियों के आकर्षण का केंद्र रही. प्रदर्शनी में जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों के साथ सांसद द्वारा कराए गए जनहितकारी कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया. प्रशिक्षणार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की. प्रशिक्षण वर्ग के दौरान पूरे समय संगठनात्मक गतिविधियों एवं विकास कार्यों को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा.

बस से सफर कर पहुचे मंत्री और सांसद

प्रधानमंत्री के आह्वान पर आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रदेश सरकार के मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर सहित भाजपा के कई पदाधिकारी बस से सफर कर प्रशिक्षण वर्ग में पहुंचे. इस दौरान नेताओं ने आम नागरिकों के साथ यात्रा कर जनसंपर्क भी किया.

राम कथा में सीता स्वयंवर ने श्रद्धालुओं का मनमोहा

नवनिर्मित चतुरूखेड़ी हनुमान मंदिर में महंत पद पर गुरु चरण दास जी महाराज विराजित

नवभारत न्यूज

पड़ाना 23 मई, का. समीप ग्राम चतरूखेड़ी में श्रीराम पंच कुंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा एवं हनुमान जी महाराज प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पांच दिवसी धार्मिक आयोजन किया जा रहा है इसी के चलते शनिवार श्रीराम कथा के चौथे दिवस श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा. कथा व्यास पंडित लोकेंद्र त्रिवेदी ने श्रीरामचरितमानस के माध्यम से जीवन जीने के लक्ष्य का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम का जीवन ही मानव के लिए आदर्श मार्ग है. कथा का क्रम धनुष यज्ञ से आगे बढ़ते हुए राम-सीता विवाह के दिव्य प्रसंग तक पहुंचा. विवाह प्रसंग के दौरान पूरा पंडाल सियावर रामचंद्र की जय के जयकारों से गूंज उठा. चतरूखेड़ी गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. विस्तक वैष्णव संत समाज, जिला राजगढ़ मंडल के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में महंत श्री श्री 108 श्री गुरु चरण दास जी महाराज, हनुमान मंदिर मऊ, को विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ चतरू खेड़ी खेड़ापति हनुमान मंदिर के महंत एवं पुजारी पद पर विराजित किया गया. कार्यक्रम की श्रृंखला में आज रविवार रात्रि 8 बजे से बाल कलाकार ऋषिका विश्वकर्मा द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा.